दिनांक :- 14/04/2024

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल 2024 को माननीय कुलपति प्रोफेसर एन बी सिंह जी की अध्यक्षता में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण और पुष्पाजंलि के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर एन बी सिंह जी ने कहा कि जब सभी लोग जात पाँत और धर्म से ऊपर उठकर शोषित, वंचित समाज के लिए कार्य करेंगे तभी बाबा साहेब जी के विचार सार्थक होंगे और यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इतिहास विभाग से डॉ मनीष कुमार जी ने डॉ. अम्बेडकर जी के आरंभिक जीवन और शिक्षा दीक्षा तथा उनके आदर्शों और जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ पूनम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में डीन प्रो. चंदना डे, प्रो. एहतेशाम, डीन प्रो. सौबान सईद, डॉ मनीष कुमार, डॉ लक्ष्मण सिंह मौजूद रहे।

जारीकर्ता:-
मीडिया कमेटी
केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ